त्यागी सन्तानों को साधन भूमि की पराकाष्ठा पर सुप्रतिष्ठित कर ठाकुर तो चले गये थे। परन्तु माँ सारदा ने उनके हाथों को दृढ़ता से थामकर निर्दिष्ट जगत्कर्म में भी उनका साथ दिया था। प्रत्येक पद्क्षेप पर उनका स्नेहमयी आशीर्वाद अपनी सन्तानों पर वर्षित होता था। स्वामीजी की अमेरिका यात्रा से पूर्व श्रीश्रीमाँ ने उन्हें पत्र लिखा –''तुम दिग्विजयी होकर लौटो, तुम्हारे मुख में सरस्वती का वास हो।'' सम्पूर्ण भारत जानता है कि श्रीश्रीमाँ के आशीर्वाद रूपी ये वचन अक्षरश: सत्य हुए। अमेरिका से स्वामीजी ने अपने एक गुरुभाई को पत्र लिखा था - ''माँ-ठाकुरानी एक कल्पनातीत शक्ति है जिनको समझ नहीं सके हो, क्रमश: समझोगे। नारी शक्ति के बिना जगत् का उद्धार नहीं होता, वे वही महाशक्ति है। यद्यपि रामकृष्ण के जाने से हमारा नुकसान तो होगा ही पर माँ के चले जाने से सर्वनाश हो जाएगा। इस माँ के प्रति मेरा भी विशेष झुकाव है। ....दादा, माँ के प्रति जिनकी भक्ति नहीं उन्हें धिक्कार है।'' अन्तरालवर्तिनी माँ के प्रति स्वामीजी की ऐसी अपरिसीम श्रद्धा हमें भी मातृपादपद्मों में स्वत: प्रणत होना सिखा देती है। स्वामीजी द्वारा यह भी सुना गया है –''माँ, ठाकुर से भी विशिष्ट है।'' जब-जब मन में संशय का उद्रेक होता स्वामीजी माँ के पास समाधान हेतु चले आते। पूजनीय ब्रह्मानन्द स्वामीजी कहते –''माँ को पहचानना बड़ा मुश्किल है..... साक्षात् जगदम्बा। ठाकुर यदि परिचय ना करवाते तो हमलोग क्या माँ को पहचान सकते?''

ठाकुर ने स्वयं गोलापमाँ से कहा था - ''वह सरस्वती है, ज्ञान देने आई है। रूपवती होने पर अशुद्ध भाव से दर्शन करने से लोगों का अमंगल होगा, इसीलिए इस बार अपने रूप पर आवरण डाल कर आई है।'' अन्य एकदिन ठाकुर ने ही शिवानन्द महाराज से कहा –''मन्दिर की भवतारिणी माँ और नहवत में रहने वाली माँ - अभिन्न है।'' बंगला १२७९ में ज्येष्ठ मास की फलहारिणी कालिका पूजा के दिन ठाकुर ने जगन्माता की पूजा का आयोजन कर पूजा के समय वहाँ श्रीश्रीमाँ को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। माँ के आने पर उन्हें आलिम्पन भूषित चौकी पर बिठाकर ठाकुर ने देवी रूप में षोड़शोपचार से पूजा और भोग निवेदन किया। समाधिस्थ देवी और समाधिस्थ पूजक आत्मस्वरूप से एकीभूत हुए। रात्रि के तृतीय प्रहर के शेषपाद में अपनी बाह्यदशा को प्राप्त कर ठाकुर ने अपनी जपमाला के साथ अपनी साधना का फल भी देवी के पादपद्मों में निवेदन कर दिया तथा मन्त्रोच्चारण करने लगे - ''सर्वमंगल मंगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते।''

परवर्तीकाल में श्रीश्रीमाँ ने उस दिन के पूजा प्रसंग के विषय में कहा –''उन्होंने मेरे पाँवों में आलता लगाया, नए वस्त्र पहनाए, सिंदूर लगाया, मिठाई और पान भी खिलाया। किन्तु मैं न जाने किस भाव में हो गयी। सब देख रही थी, अथच कुछ बोलने की इच्छा नहीं थी।'' पूजा समापनान्त श्रीश्रीमाँ श्रीश्रीठाकुर को प्रणाम कर अपने कक्ष में चली गई। षोड़सी पूजा के दौरान माँ की उम्र मात्र १९ वर्ष की थी एवं ठाकुर ३७ वर्ष के थे। इस पूजा के द्वारा ठाकुर जनमानस में मातृसत्ता के स्वरूप में ज्ञान प्रतिष्ठित करना चाहते ते। क्योंकि ठाकुर जानते थे निकट भविष्य में माँ-ही होंगी संघजननी तथा अनेक भक्तों की जीवन नैया पार करानेवाली। ठाकुर अक्सर माँ से कहते –''मैंने और क्या किया है? तुम्हें ही सब करना होगा।'' आहा! स्वयं शिव ने ही अपनी शक्ति सत्ता

के हस्त में सर्वस्व सौंप दिया है।

दरिद्रनारायण के गृह में जन्मग्रहण तथा ज्येष्ठ संतान होने के कारण श्रीश्रीमाँ को बहुत सारे सांसारिक दायित्वों का वहन तथा अनेक कर्म सम्पन्न करने पड़े। श्रीश्रीमाँ की एक विचित्र सहचरी थी, जिसके विषय में परवर्तीकाल में श्रीश्रीमाँ ने एक गूढ़ रहस्य का उद्घाटन किया –''बचपन में देखती, मेरे ही सदृश और एक बालिका मेरे साथ-साथ समस्त कार्यों में मेरी सहायता करती। मेरे संग आमोद-प्रमोद करती, लेकिन किसी के आने पर फिर उसे देख नहीं पाती।'' बाल्यकाल में पितृगृह में पढ़ने का सुयोग बहुत कम ही मिला लेकिन इसके उपरांत भी उनका मानसिक विकास और चारित्रिक दृढ़ता उनके स्वभाव से सहज ही परिलक्षित होते थे। वे सांसारिक कर्मों में ही सिर्फ पटु थी ऐसा नहीं था। पूजा-अर्चना, यात्रा, प्रवचन इत्यादि ने उन्हें धर्म, नीतिबोध व सांस्कृतिक ज्ञानलाभ में सहायता की थी। माता-पिता का निष्कलंक चरित्र तथा निःस्वार्थ जीवन-वृत्त माँ को मुग्ध करता। आगामी समय में उद्बोधन के गृह में सेवक स्वामी अरुपानंद को माँ ने कहा –''मेरे बाबा थे परम रामभक्त और परोपकारी, माँ की सबके प्रति कितनी दया, इसीलिए तो मैंने इस घर में जन्म लिया है।'' मात्र पाँच वर्ष की आयु में ही वे ठाकुर के साथ विवाह बंधन में बंधी थी। विवाह के पश्चात् ठाकुर दक्षिणेश्वर चले गये, माँ अपने पितृगृह में लौट आयी। माँ जब तेरह-चौदह वर्ष की हुई तभी ठाकुर के कामारपुकुर आगमन के उपलक्ष्य पर माँ श्वसुर गृह में आयीं। उस समय अन्य बालिकाओं के साथ-साथ माँ को भी ठाकुर धर्म की बातें सुनाते। धर्म चर्चा सुनते-सुनते माँ सो जाती तो अन्य बालाओं को ठाकुर कहते –''उसे उठाओ मत, वह यदि अभी सब सुन लेगी तो अविलंब ही सब कुछ त्याग देगी।'' भविष्य में जगत् कल्याण कार्य में माँ को नियोजित करने का कैसा अपूर्व प्रयास!

अंग्रेजी के सन् १८७२ से माँ ने दक्षिणेश्वर आना-जाना शुरू किया। ठाकुर के जीवनकाल में माँ लगभग आठबार आयी। प्रायः दस वर्ष माँ ने ठाकुर के सान्निध्य में दक्षिणेश्वर में व्यतीत किए। इस अंतराल को ही माँ ने अपने जीवन का सर्वोत्तम समय कहकर इंगित किया है। दक्षिणेश्वर का प्रसंग उठने पर आनन्द से आत्माभिभूत हो कह उठती, ''तब कितने आनन्द में थी!'' दक्षिणेश्वर में माँ मूलतः नहवत के नीचे ही रहती। अनुमानतः ६ हाथ लम्बा एवं ४ हाथ चौड़ा एक कमरा, अर्थात् जो कि एक प्राणी के रहने के लिए भी पर्याप्त न था। कलकत्ता से आनेवाली महिला भक्तगण माँ के घर में आकर कहती –''आहा, कैसे घर में हमारी सीता लक्ष्मी है – जैसे वनवास हो! कितनी सहन शक्ति है!'' भविष्य के कर्मयज्ञ हेतु माँ शनैः शनैः नीरव में स्वयं को तैयार कर रही थी। माँ के प्रति ठाकुर के उपदेशों का अन्त नहीं था। ठाकुर प्रदत्त शिक्षा कोई साधारण शिक्षा नहीं थी। माँ के शब्दों में – ''प्रदीप के बाती को कैसे रखना होगा, घर का प्रत्येक व्यक्ति कैसा है – किसके साथ कैसा व्यवहार करना होगा, अन्य के गृह में जाने पर किस प्रकार से व्यवहार करना होगा, अर्थात् सामाजिक व्यवहार से लेकर – भजन, कीर्तन, ध्यान, समाधि और ब्रह्मज्ञान पर्यन्त समस्त विषयों से मुझे अवगत करवाया। ठाकुर का ध्यान, धारणा और जीवनचर्चा ने माँ को सम्पूर्ण रूप से प्रभावित किया था। ठाकुर प्रदत्त शिक्षा ही माँ के परवर्ती जीवनकाल में प्रतिफलित हुई। ठाकुर ही माँ के गुरु, शिक्षक, आचार्य और पथ प्रदर्शक।

सांसारिक शत कर्मों के मध्य भी माँ ने अपनी साधना में विघ्न नहीं आने दिया। ठाकुर ने एक दिन सारदा महाराज को नहवत में माँ के निकट दीक्षा लेने के लिए प्रेषित किया। देखा जाता है ठाकुर, माँ के जीवन के निर्दिष्ट भगवत् विषयक कर्म अर्थात् जीवोद्धार कर्म का आरंभ अपने जीवन काल में ही कर गये थे। माँ के दीक्षादान से यह इंगित होता है कि दक्षिणेश्वर में अवस्थान काल में ठाकुर के तत्त्वावधान में ही माँ की साधना सम्पूर्ण हुई। अगर ऐसा न होता तो ठाकुर कभी भी माँ को दीक्षा का गुरु दायित्व लेने का निर्देश नहीं देते।

सन् १८८५ में अक्टूबर महीने में अस्वस्थ ठाकुर कलकत्ता के श्यामपुकुर में लाए गये। दो तीन सप्ताह के पश्चात् माँ भी कलकत्ता आ गयी। उसी वर्ष के दिसम्बर मास में श्यामपुकुर से काशीपुर के 'उद्यान-बाटी' में ठाकुर को लाया गया। सन् १८८६ में १६ अगस्त को इस महाप्राण ने महासमाधिमग्न होकर अपनी इहलीला का संवरण किया।

श्रीश्रीठाकुर के तिरोधान के पश्चात् माँ के जीवन में नवीन अध्याय का सूत्रपात हुआ। ठाकुर के विशिष्ट भक्त बलराम बाबु ने शोकसंतप्त माँ को शान्ति प्राप्ति हेतु वृन्दावन तीर्थ में प्रेरण किया। माँ के सहयात्रियों में थे योगीन महाराज, काली महाराज, लाटु महाराज, लक्ष्मीदीदी, गोलाप माँ और निकुंज देवी। वृन्दावन से लौटकर आने के बाद माँ ने और ३३ वर्षों तक इस धराधाम को कृतकृत किया। इस

समय में माँ ने अपने निर्दिष्ट कर्मों का सम्पूर्णतया पालन किया। असंख्य मनुष्यों पर अहेतुकी कृपा की, अकारण करुणा वितरित किया। ठाकुर की मृत्यु के पश्चात् अपनी त्यागी संतानों के साथ सम्बलहीन अवस्था में डुबते-उतराते चल रही थी। इस समय बलरामबाबू, उसके पश्चात् उनके सुयोग्य पुत्र रामबाबु माँ की रक्षा का गुरुभार स्वेच्छा से वहन करने लगे। इनके अतिरिक्त मास्टर महाशय, गिरिश बाबू इत्यादि समय-समय पर माँ को अर्थ भेजते। योगीन महाराज माँ के प्रधान प्रभारी थे। तब माँ ने प्रधानत: जयरामबाटी, कामारपुकुर अथवा कलकत्ता में विभिन्न समय में विभिन्न किराये के घरों या भक्तगृहों में समय यापन किया।

स्वामीजी ने अमेरिका से लौटकर सन् १८९८ में फरवरी महीने में बेलुड़ में गंगा तटपर १८ बीघा जमीन खरीदकर उसमें मठ का निर्माण किया। उसी वर्ष नव निर्मित मठ में दिसम्बर मास में श्रीश्रीठाकुर को प्रतिष्ठित किया गया। मठ के निमित्त जमीन क्रय के प्रसंग में माँ ने बाद में कहा था -''मठ की नूतन जमीन खरीदने के बाद नरेन ने एकदिन मुझे लेकर जमीन के चहुँओर घुमाकर कहा -''माँ, तुम अपनी इस जमीन पर स्वेच्छा से निस्संकोच घुमो।'' बीच में माँ बेलुड़ मठ में आकर रही थी। सन् १९०९ में शरत् महाराज के उद्यम से केदार दास द्वारा दान की गई जमीन पर उद्बोधन की नींव पड़ी। नीचे वाले तल्ले पर उद्बोधन कार्यालय था एवं ऊपर वाले मंजिल पर माँ रहती थी। माँ के अवस्थानकालीन यह गृह भक्तों के लिए महातीर्थ में परिणत हो गया। जीवन के अन्तिम समय माँ ने मूलत: उद्बोधन गृह में अथवा जयरामबाटी में व्यतीत किया। केवल दो बार अन्यत्र गई। एकबार कोठार होकर रामेश्वर तथा दूसरी बार काशीधाम।

ठाकुर की उपदेशावली जगत्वासियों के लिए अमूल्य सम्पदा है। ठाकुर ने अपने सुगभीर साधना से जिस अमृत का अर्जन किया, विवेकानन्द ने जिन विचारों का जगत् में प्रचार किया, कृपामयी जननी सारदा ने नीरव में वही अमूल्य निधि निरंतर वितरित किया अबाधित हस्त एवं मुक्तधारा में। माँ थी देवालय की विग्रह स्वरूप। स्नेहघन कल्याणमय रूप - दर्शन से ही शान्ति! माँ एकान्त प्रयोजन के बगैर उपदेश नहीं देती थी। जहाँ विग्रह के दर्शनमात्र से ही जीव को शान्ति की उपलब्धि होती वहाँ उपदेश की प्रयोजनीयता कहाँ तक रह जाती है? तथापि संतान के हितार्थ अथवा प्रश्नों के उत्तर देने के निमित्त माँ को बोलना पड़ता। माँ के उपदेशों में अनेक विशिष्टताएं थी – सीमित शब्दों का प्रयोग, स्वच्छ एवं सुस्पष्ट वचन। अपनी सन्तानों में साहस और बल जागृत कर उनके जीवन को ऊँचाईयों के शिखर तक पहुँचाना चाहती थी। इतनी अल्प शिक्षा के बावजूद कहाँ से पाई थी इतनी अपूर्व विलक्षणता तथा अलौकिक दृष्टि।

जिस किसी व्यक्ति ने भी माँ के सम्मुख आकर विनती की हो, प्रत्येक की झोली माँ ने अपने असीम स्नेह से भर दी - शान्ति, मुक्ति, उनके अभय मंत्र थे। माँ के समीप समस्त धर्म, जाति और सम्प्रदाय एक ही सूत्र में ग्रथित माला की तरह थे। उनका मानना था सभी एक है, सिर्फ रूप में प्रभेद है। ठाकुर की त्यागी सन्तानें सर्वदा माँ की पूजा कर उनका आशीर्वाद लेकर कृतार्थ हुए है।

सन् १९१९ में माँ जयरामबाटी में अस्वस्थ हो गयी। २७ फरवरी १९२०, उद्बोधन गृह में लायी गयी। दीर्घ पाँचमास व्यापी अनेक प्रकार की चिकित्सा चली। रोग की यंत्रणा से अत्यंत कष्ट भोग किया। किन्तु क्यों इतनी यंत्रणा का भोग किया? हो सकता है समग्र जीवन व्यापी करुणा से पात्र अपात्र में की गई कृपा के फलस्वरूप ही यह मिला है अलंघ्य प्राप्य! अन्यथा स्वर्ण विग्रह में कालिमा कैसी? आहिस्ता-आहिस्ता वह भयावह दिन समीप आने लगा जिसका सामना करने का साहस किसी में न था। २० जुलाई सन् १९२० में रात के १ बजे से माँ को नाम सुनाना आरम्भ किया गया। करीब रात के डेढ़ बजे श्रीश्रीमाँ गभीर समाधि में स्थूल देह परित्याग कर स्वधाम में चली गई।

यह सही है कि माँ का स्थूल देह हम लोगों के मध्य नहीं था। लेकिन उनके स्नेह और प्रेम की आलोकवन्या आज भी अशांत पथिक को आलोकमय जीवन का सन्धान देती है। माँ और ठाकुर की युगल मूर्ति बहुत बार धरा के वक्ष पर अवतीर्ण हुई है। बार-बार होगी। इस प्रकार की आश्वासनमय वाणी स्वयं माँ ने सेवक आशु मित्र को सुनाई थी -''जो एक बार आए हैं, उन सभी को फिर आना होगा कोई बचेगा नहीं। आकाश में चाँद देखा है? चाँद क्या अकेला आता है? चहुँओर तारामण्डल को, लेकर आता है।''

गीता में श्रीकृष्ण द्वारा कही गई वाणी की ही पुनरावृत्ति - ''सम्भवामि युगे युगे।''

–मातृचरणाश्रिता श्रीमती सुस्मिता बासु

हिन्दी अनुवाद – मातृचरणाश्रिता श्रीमती ज्योति पारेख

परम भागवत नृपति विमल

श्रीश्रीमाँ सर्वाणी

प्राचीनकाल में सिन्धुदेश में 'चम्पका' नाम की एक नगरी थी। वहाँ धर्मपरायण नृपति 'विमल' का शासन था। वे कुबेर के सदृश खजांची, सिंह तुल्य मनस्वी, भक्त प्रह्लाद की तरह प्रशान्तात्मा तथा भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त थे। उस भूपति की छः हजार रूपवती कमल लोचना पत्नियाँ थी, परन्तु वे सभी बन्ध्या हो गयी थी। यही कारण था कि, 'किस पुण्य से इस संसार में मुझे उत्तम पुत्र प्राप्त होगा' - इस प्रकार की चिन्तित दशा में नृप विमल के अनेक वर्ष व्यतीत हो गए। एक बार मुनिसत्तम याज्ञवल्क्य उनके समीप उपनीत हुए; राजा विमल ने उनको प्रणाम व पूजा निवेदन किया तत्पश्चात् सर्वज्ञ, सर्ववित् महामुनि याज्ञवल्क्य ने नृप विमल को चिन्तातुर देखते हुए प्रश्न किया - ''हे राजन्! तुम कृश क्यों हो गये हो? तुम्हारे मन में ऐसी कौनसी चिन्ता है? सम्प्रति तुम्हारे सप्त राज्यांग में तो चहुँओर कुशल मंगल है।'' विमल ने कहा -''हे ब्रह्मन्! आपको तो तपोबल के प्रभाव से दिव्य दर्शन उपलब्ध होते है अतएव आप से तो कुछ भी गोपनीय नहीं है। तथापि मैं आपके कथन का सम्मान रखते हुए बता रहा हूँ कि मैं विभिन्न दुःखोंसे दुःखित हूँ। मैं ऐसी कौनसी तपस्या अथवा दान करूँ कि जिससे मुझे पुत्र रत्न की प्राप्ति हो वह कहिए। यह सुनकर महामुनि याज्ञवल्क्य दीर्घकाल पर्यन्त ध्यान मग्न हो अनागत का चिन्तन करने लगे। तत्पश्चात् राजा से कहा -''हे राजेन्द्र इस जन्म में तुम पुत्र प्राप्ति से वंचित रहोगे। तुम्हारी अनेक कन्याएं होंगी।'' ऐसा सुनकर राजा विमल ने कहा, ''हे मुनिसत्तम! सुना है भूतल में पुत्र बिना कोई भी पूर्वज ऋणमुक्त नहीं हो सकते, पुत्र के अभाव में गृह में सर्वदा ही दुःख, तथा इहलोक वा परलोक किसी भी काल में सुख की प्राप्ति नहीं होती।'' याज्ञवल्क्य ने कहा -''दुःख मत करो, बहु कुटुम्ब परिवृत होकर श्रीकृष्ण अवतीर्ण होंगे, तुम अपनी उन समस्त कन्याओं को उन्हें अर्पण कर देना। इससे तुम देव, ऋषि और पितृऋण से मुक्त होकर परम मुक्ति को प्राप्त करोगे।'' राजा मुनि के वाक्यों को श्रवण कर अतीव हर्षित हुए एवं पुनः संदिग्ध स्थिति में मुनि से प्रश्न किया - ''किस कुल में, किस देश में एवं कितने दिन पश्चात् कृष्ण स्वयं अवतीर्ण होंगे? उनका रूप व वर्ण कैसा होगा?'' याज्ञवल्क्य ने कहा, ''हे राजन्, इस द्वापर युग के अवसान काल में तुम्हारे राजत्व के १५० वर्ष अवशिष्ट रहते-रहते, उसी वर्ष मथुरा के यदुपुर में रोहिणी नक्षत्र युक्त बुधवार को भाद्रमास की कृष्णाष्टमी की अर्द्धरात्रि में हर्षणयोग बवकरण में शुद्ध चन्द्र के वृषलग्न में वसुदेव मन्दिर में अन्धकारावृत काल में श्रीवत्सांक घनश्याम वनमाली पीतवसन पद्मनेत्र चतुर्भुज साक्षात् हरि अरणी से यज्ञाग्नि की तरह देवकी के भीतर से आविर्भूत होंगे। उन्हें तुम अपनी कन्या अर्पण करना। तुम भी उस समय जीवित रहोगे, इसमें संशय नहीं है।''

महामुनि याज्ञवल्क्य यह कहकर चले गये। यह सब सुनकर राजा का मन आनन्दित हो खुशी से तृप्त हो गया। अतः जो समस्त अयोध्या-पुरवासिनियाँ श्रीराम से पूर्व में वर प्राप्त की थीं, उन सभी ने विमल की पत्नि के यहाँ सुन्दर कन्यारूप में जन्मग्रहण किया। कुछ समय पश्चात् वे विवाह योग्य हुई। यह देखकर राजा पुनः चिन्तित रहने लगे एवं तब मुनिसत्तम याज्ञवल्क्य के कथन का स्मरण करते हुए दूत से कहा -''तुम मथुरा में जाओ, शुभ वसुदेव भवन में जाकर उनके तनय को देखकर आओ। वसुदेव-पुत्र यदि सुन्दर श्री वत्सांक, घनश्याम, वनमाली चतुर्भुज होंगे तभी मैं उनको अपनी सुंदर कन्याओं को अर्पण करूँगा।'' तदन्तर उस दूत ने मथुरा गमन किया एवं मथुरावासियों से अपना अभिप्राय बताया। अकेले जैसे फुसफुसाहट की तरह बात होती है, दूत की बात सुनकर कंस से भयभीत सुबुद्धि मथुरावासियों ने उसी प्रकार एकांत में उस दूत से कहा, ''वसुदेव के कई पुत्र कंस द्वारा वध किए गये हैं। एकमात्र कनिष्टा कन्या बची हुई थी, वह भी आकाश में विलीन हो गयी। पुत्रहीन वसुदेव दैन्य अवस्था में यहाँ निवास कर रहे है। यह बात तुम किसी से मत कहना। यह मथुरापुरी कंस के भय से भयाक्रांत रहती है। इस मथुरा में वसुदेव के संतान संबंधी किसी वार्ता को सुनते ही कंस उसे तत्काल दंडित करता है। यह सब भयंकर वार्ता सुनकर दूत ने चंपकपुर प्रत्यागमन कर राजा के समीप जाकर इस अद्‌भुत घटना का वर्णन किया, ''मथुरा में वसुदेव है, परन्तु वे पुत्रहीन एवं अतिदीन हैं। मैंने वहाँ पर यह भी सुना कि पूर्व में उनके कई संतान हुए परन्तु वे सभी कंस के हाथों मारे गए। बची हुई एक मात्र कन्या ने भी आकाशमार्ग में गमन किया है। यह सब सुनकर धीरे-धीरे

मथुरा से बाहर निकल कर रम्य वृंदावन यमुना-तट पर पहुँचने पर मैंने हठात् लताकुंज में गोपगणों के मध्य एक शिशु का दर्शन किया है। हे राजन! वह बालक आपके द्वारा वर्णित समस्त लक्षणों से संपन्न है - श्रीवस्तांक, घनश्याम, वनमाली एवं अतिसुन्दर है। आपने कहा है कि वसुदेवपुत्र श्रीहरि हैं एवं वे चतुर्भुज है। किन्तु वह सुन्दर गोपबालक द्विभुज है जो आपके लक्षणों के अनुरूप नहीं है। हे नृप, अब क्या करूँ, आप आदेश दीजिए; मुनि वाक्य कभी भी मिथ्या नहीं हो सकते। जहाँ-जहाँ आपकी इच्छा है, अभी वहाँ-वहाँ मुझे भेजिए।'' दूत वाक्य सुनकर राजा चिंतित एवं विस्मित हो गये। उसी समय सिन्धु देश को जीतने हेतु भीष्म हस्तिनापुर से आकर उपस्थित हुए। नृपति विमल ने उनसे कहा -''मुनिसत्तम याज्ञवल्क्य ने कहा है कि स्वयं श्रीहरि मथुरा में वसुदेव के यहाँ देवकी के गर्भ से जन्म-ग्रहण करेंगे। अभी तक वहाँ पर श्रीहरि ने जन्म-ग्रहण नहीं किया है, अतएव ऋषिवाक्य मिथ्या नहीं होगा। किन्तु अभी मैं किसे अपनी कन्यायों को अर्पित करूँगा? आप तो साक्षात् महाभागवत है, भूत, भविष्य के ज्ञाता है बाल्यकाल से ही जितेन्द्रिय, वीर वसुसत्तम, अतएव हे महाबुद्ध इस विषय में मेरा क्या कर्तव्य है मार्गदर्शन कीजिए।'' तब गंगापुत्र धर्मतत्त्वज्ञ विष्णुभक्त भीष्म ने राजा विमल से कहा -''हे राजन् कृष्णद्वैपायन व्यासदेव से मैंने जो गोपनीय बातें सुनी है वह आप श्रवण करें। देवगणों की रक्षा एवं दैत्यगणों के संहार हेतु परिपूर्णतम हरि ने जन्म-ग्रहण किया है। कंसभीत वसुदेव ने उस पुत्र को अर्द्धरात्रि में जल्दी-जल्दी गोकुल जाकर यशोदा की शय्या पर रखकर, नंद-यशोदा की माया-कन्या लेकर अपने पुर में आ गये है। कृष्ण गोपन रूप में गोकुल में वर्द्धित हुएं हैं, कोई भी मनुष्य यह नहीं जानता है। वही कृष्ण आज वृंदावन में गुप्त गोपाल वेशधारी, जो एकादश वर्षों तक वृंदावन में रहेंगे एवं दैत्य कंस का वध करने के उपरांत प्रकट होंगे। भगवान श्रीराम के वरदान से जिन अयोध्या की नारियों ने तुम्हारे यहाँ कन्या रूप में जन्म-ग्रहण किया है, उन सबों को तुम गुप्त गोपाल देवादिदेव श्रीकृष्ण को नि:शंक प्रदान करो। यह शरीर काल के अधीन है, इसीलिए इस कार्य में विलंब उचित नहीं है।'' तत्पश्चात् भीष्म यह कहकर हस्तिनापुर प्रस्थान करने पर, नृपति विमल ने तब श्रीकृष्ण हेतु अपना दूत भेजा।

तदन्तर दूत ने पुन: मथुरा आकर वृंदावन विचरण करते-करते यमुना-तट पर श्रीकृष्ण का दर्शन किया एवं उनको प्रणाम कर एवं उनकी प्रदक्षिणा कर द्विकरजोर से स्तुति की। तत्पश्चात् नृपति विमल द्वारा कथित संदेश उन्हें सुनाने लगा। दूत ने कहा, ''आप पूर्णब्रह्म परमपिता है, व्रजवासियों का कितना परम सौभाग्य है तथा आप के पिता नंद का कुल भी धन्य है; जिसने श्रीराधिका के सुन्दर कंठरत्न स्वरूप एवं कस्तूरी सुगंध की तरह प्रसिद्ध, वह परमदेव हरि आज जिस जगह पूर्ण प्रकट है वह व्रजपुर और वृंदावन भी धन्य है। आप ही क्षेत्रज्ञ आत्मा, सकल कर्मों के साक्षी है, इसीलिए सबों के मनोभाव संपूर्ण रूप से जानते है तथापि नृप कथित धर्मसम्मत गुप्त वाक्य को गोपनीय रूप से प्रकट करता हूँ। सिन्धु देश में इन्द्रसदृश चम्पकापुरी के पालक नृपति विमल ने आप के चरण-कमलों पर निज चित्तवृत्ति को समर्पित किया है। वे आपके हेतु शत यज्ञ, सर्वदा दान, तपस्या, ब्राह्मणगणों की सेवा, तीर्थ और जप अति यत्न पूर्वक करते रहते है; उन्हें आप दर्शन दे। पद्मपत्रवत् दीर्घनेत्रा उनकी कन्याएँ आपको पूर्णरूपेण पतिरूप में प्राप्त करने हेतु सर्वदा नियमव्रत अवलम्बन द्वारा आपके चरण-कमलों की सेवा-अभ्यर्थना करती रहती है। हे व्रजदेव आप उत्तम दर्शन देकर उनका पाणिग्रहण करें। यह विचार कर आप अतिशीघ्र सिन्धुदेश जाकर उस स्थान को पवित्र करें।'' दूत का संदेश सुनकर भगवान हरि प्रसन्न होकर तत्क्षण दूत के साथ चम्पकापुरी में आ पहुँचे। उस समय राजा विमल के यज्ञ की वेदध्वनि से वह स्थान मुखरित था। श्रीकृष्ण दूत के साथ अकस्मात् शून्य से वहाँ अवतरित हुए। यज्ञशाला में आए हुए श्रीवत्सांक घनश्याम सुन्दर श्रीकृष्ण को देखकर प्रेमविह्वल विमल तत्क्षण रोमांचित कलेवर में उठकर कृतांजली पूर्वक उनके चरण-कमलों में नतमस्तक हो गये। तत्पश्चात् राजा ने उनको रत्न-विभूषित स्वर्ण पादस्तंभयुक्त दिव्य आसन पर बिठाकर, यथाविधि पूजा एवं स्तुति कर, उनके सम्मुख उपविष्ठ किया। श्रीपति श्रीकृष्ण ने नजरों से बचती हुई झरोखों से झाँकती हुई सुन्दरियों के दर्शन कर नृपति विमल से गंभीर वाक्य में कहा - ''हे महानुभाव! याज्ञवल्क्य के वचन से तुम ने मेरा दर्शन प्राप्त किया है, तुम अपना मनोवांछित वर माँगों।'' विमल ने कहा, ''हे देव! मेरा मन सर्वदा आपके चरण-सरोज पर भ्रमर रूप में वास करे। इसके अतिरिक्त मेरी कोई अन्य कामना नहीं है।'' ऐसा कहकर राजा विमल ने विशाल कोषागारस्थित समस्त धन, हस्ती,

अश्व एवं रथों के साथ आत्म-निवेदन किया। तत्पश्चात् भक्त वत्सल विमल यथा-विधि श्रीकृष्ण को समस्त कन्याओं को अर्पण कर, उन्हें नमस्कार किया। तब समस्त प्रजा जय-जयकार कर उठी एवं आकाश से देवगणों ने पुष्पवृष्टि की। उसी समय नृपति विमल ने कृष्ण सारूप्य को प्राप्त किया, उनके अंगों से अपूर्व कान्ति बिखर रही थी। उन्होंने शतभानू-सदृश प्रभावान् होकर दिशाओं को आलोकित करते हुए, गरुड़ध्वज को प्रणाम कर गरुड़ पर आरोहण कर निज भार्या सहित सर्व समक्ष वैकुण्ठ को गमन किया।

तत्पश्चात् स्वयं भगवान राजा को कैवल्य मुक्ति प्रदान कर उनकी कन्याओं के साथ व्रजमंडल में आकर उपस्थित हुए। वे समस्त मनोहारी कृष्णप्रियागण वहाँ दिव्य मंदिरयुक्त रमणीय काम्यवन में अवस्थित हुई। उन सभी प्रधान कांताओं की जितनी संख्या थी, व्रजराज हरि उतने रूप धारण कर उनके साथ एकरस होकर तब रास में विराजमान हुए। उस रास में विमल की कन्याओं के दृगों से जो आनंदवारि कण क्षरित हुए, उनसे सकल तीर्थों में उत्तम 'विमल कुंड' की सृष्टि हुई। ('गर्गसंहिता' *से संग्रहीत*)

हिन्दी अनुवाद – मातृचरणाश्रिता श्रीमती ज्योति पारेख

उन्मेष

(११)

शिवरात्रि - सोमवार दिनांक २३.२.०९

श्रीश्रीमाँ का वक्तव्य –

सन्यास मनुष्य के अन्त:स्थित मन की एक विशेष अवस्था है। भगवत् संविधान में सम्यक रूप में आत्मसमर्पण ही सन्यास है। वाह्यिक विषय, सम्पत्ति आदि का परित्याग करने से ही सन्यासी नहीं हुआ जा सकता। मन की कामना-वासना आदि का परित्याग होने से ही या जागतिक विषयों के प्रति प्रत्याहार भाव अन्तर में जागृत होने पर ही अन्तर में भगवान की पूजा होती है। ईश्वर का अस्तित्व सर्वव्यापी होने पर भी साधारण बुद्धि से वह समझा नहीं जा सकता। सद्गुरु के मध्य भगवान की महाशक्ति का प्रकाश घटित होता है। सद्गुरु ही भगवान, उनकी पूजा ही परमेश्वर की पूजा, श्रीभगवान की पूजा है। अतिसाधारण में अतिअसाधाराण है सद्गुरु के स्वभाव का प्रकाश। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया –''गुरुसेवा का प्रकृत अर्थ क्या है?''

श्रीश्रीमाँ –''गुरुसेवा का प्रकृत अर्थ है उनके निर्देशानुयायी कर्म करना, सत्संग करना।''

भक्त – ''श्रीश्रीमाँ आश्रम में नहीं हैं, अत: आश्रम जाकर क्या होगा? श्रीमाँ की अनुपस्थिति में वहाँ क्रिया साधना करने से क्या फायदा? क्या यह सोचना सही है?''

श्रीश्रीमाँ –''सर्वथा गलत्। तुमलोगों का ऐसा सोचना तुम्हारी भ्रान्ति एवं भूल है। मेरा अस्तित्व आश्रम में सदैव वर्तमान ही रहता है। तुमलोग स्वार्थवादी हो, इसीलिए जब मैं आश्रम में नहीं रहती, तुमलोग नहीं आते हो। इसका कारण यही है कि तुमलोग अपने स्वार्थ की चर्चा किससे करोगे? सद्गुरु अन्तर्यामी होते हैं - मन से हृदय से उन्हें उनके आसन पर आकर प्रार्थना करने से ही वे सुन सकते हैं, यह विश्वास तुम्हारे भीतर नहीं है। इसीलिए मेरे ना रहने से आश्रम खाली रहता है। तुमलोगों की सब सेवा ही वृथा है। देखो, मैं हूँ भगवत्शक्ति का 'कण' सम्वित्रूपी अग्नि का स्फुलिंग। इस आश्रम के कण-कण में वह शक्ति-चैतन्य परिव्याप्त है। यहाँ अगर यह विश्वास रखकर आओगे तो समभाव में आलोक एवं उत्ताप निश्चय ही पाओगे।

क्रिया साधना करते-करते साधक के आँखों की दृष्टि स्वच्छ हो जाने से तीर्थस्थानों में चैतन्यशक्ति का जो प्रकाश है वह निजबोध द्वारा प्रत्यक्ष रूप में उपलब्धित किया जा सकता है। स्थूल जगत् में ज्योति का स्फुरित रूप है अग्निमय। इसीलिए चैतन्य-शक्ति का प्रकाश अग्नि के स्फुलिंग के समान क्षणार्द्ध में दर्शित होता है साधक को। (*श्रीश्रीमाँ सर्वाणी द्वारा रचित बंगला ग्रंथ 'उन्मेष' से उद्धृत*)

हिन्दी अनुवाद – मातृचरणाश्रिता श्रीमती सुशीला सेठिया

***संशोधनी** – पिछले अंक के 'उन्मेष' -१० में 'ब्रह्मनिर्माण' शब्द के बदले में 'ब्रह्मनिर्वाण' शब्द होगा। भूल मुद्रित होने के कारण हमें खेद है।*

परमब्रह्म के साक्षी

श्रीश्रीमाँ सर्वाणी

गतांक से आगे–– (२८)

नादध्वनि अथवा बीजात्मक नादशब्द कहकर जो जाना जाता है, उसकी उत्पत्ति असीम के मध्य होती है। असीम से ही नाद या अनाहत नाद सीमा के मध्य व्याप्त होते हैं। साधन कालीन अवस्था में समस्त ध्वनियों या शब्दों की आवाजें जो अन्तर में श्रुतिगोचर होती हैं वे प्रथमावस्था में मातृकावर्णात्मक अक्षर सदृश होती है। प्राणकर्मों की साधना द्वारा जब देहाभ्यंतरस्थ वायु समरस्यता लाभ करती है तब बावन (५२) मातृकावर्ण पंचतत्त्व को साथ लेकर ही स्पन्दित होते हैं। उसी स्पन्दन के फलस्वरूप वर्णात्मक अक्षर रूप शब्दवर्णादि (स्वरवर्ण और व्यंजनवर्ण) ओंकार युक्त होकर चिदाकाश के हृदय पर अनुरणित होते रहते है। इससे भिन्न पंच तत्त्व की अनाहत नादध्वनि विभिन्न वाद्यादि यंत्रों के शब्दों की तरह साधक को श्रुतिगोचर होती है। जब तक मातृकावर्ण का झंकार विन्यास सुनाई देता है, तब तक साधक को परावस्था या मानसिक उत्कर्षता की उपलब्धि होती है समझना होगा; परवर्तीकाल में उन्नत अवस्था में समस्त अनाहत ध्वनि ओंकार में रूपान्तरित होकर अन्तर में प्रकटित होती है, मैंने यह उपलब्धि की है; अर्थात् टिं-टिं नहीं, ढं-ढं नहीं, ऋं-ऋं नहीं, झूम-झूम नहीं केवल ओंकार की ऐक्यतान ही श्रुतिगोचर होती है। साधक-हृदय में एकबार ओंकार प्रकटित होने पर नाद अनुसंधान करने वाला साधक लययोग में स्वाभाविक भाव से उपनीत हो जाता है। अंत:स्थित चेतना के स्तरों को क्रमानुयायी भेद कर साधक क्रमश: एक-एक आकाशरूपी शून्य को भेद करने में सक्षम होता है। विशुद्ध चक्र में पहुँचने पर साधक-हृदय में एक प्रकार की 'उन्मनी' अवस्था आती है; तब व्योमतत्त्व के मध्य मनचेतना प्रविष्ट होने पर आज्ञापद्म के ऊपरिस्थित नादबिन्दु पर साधक-योगी की चेतना युक्त होती है। इसी नादबिन्दु के मध्य ही महानाद का आभास मिलता है एवं नाभिमूल से उत्थित होता हुआ नाद, महानाद भूमि में ऊपर नादबिन्दु में लय प्राप्त होता है। यही योगी की परिपूर्ण शिवावस्था हुई; इस अवस्था में सहस्रार स्थित सहस्रदल कमल के सहस्र प्रकारेण स्पन्दन की चेतना तो योगी को अनुभूत होती ही है, उसके अतिरिक्त पूर्णचन्द्र की सोलह कलाओं के एक-एक अंश के सहस्र प्रकार की चेतना के स्पन्दन को भी योगी साधक ज्ञात करने में सक्षम होते हैं। अर्थात् सोलह हजार स्पन्दन। सहस्रार के मध्य शतदलपद्म या गुरुचक्र पर एकशत स्पन्दन है। गुरुचक्र के स्पन्दन एवं चंद्रमा के सोलह कलाओं के स्पन्दन मिलकर सोलह सौ प्रधान चेतनाओं की भी योगी पूर्व निर्देशित विधि द्वारा उपलब्धि करने में सक्षम होते हैं। उसी को कहा जाता है सोलह हजार गोपियाँ या सोलह सौ गोपियाँ (वैष्णवमतानुसार); सहस्रारस्थित चन्द्रकला के सोलह हजार स्पन्दन मातृकावर्णात्मक ध्वनि नहीं है, वह, एक प्रकार से परानाद या 'मधुर' है। इसकी किसी पार्थिव शब्द के साथ तुलना नहीं की जा सकती। संगीत में सुर सप्तक के मध्य जिसे हम श्रुति-स्वर कहते हैं अथवा अर्द्धमात्रिक स्वर या कोमल सुर, वे सदा ही कूटस्थ रूपी व्योम में अनुरणित होते है। सहस्रार और उसके उपरिभाग में कोटिचन्द्र, कोटिसूर्य का प्रभादीप्त चैतन्य चक्र (दशदल) में अपूर्व स्पन्दन उपलब्धित होता है, जो स्पन्दन सत्ता की चेतना को अनन्त में अनन्तकोष स्थित संवित में ले जाने में सहायता प्रदान करता है। वह सिर्फ मधुरं नहीं; वह 'अनन्त-मधुर' या नि:शब्दाकार परपरानादमय स्पन्दन है। *...क्रमश:*

हिन्दी अनुवाद – मातृचरणाश्रित श्रीविमलानन्द

मेरी माँ

ईश्वर ने जब माँ की सृष्टि की
तब सबसे अच्छी माँ हमें दी।
मेरी माँ का नाम सर्वाणी
बच्चों के लिये है वीणापाणि;
प्राणों में बसी है राधाराणी
दुष्टों के लिये दुर्गाराणी।।

सबकी चिन्ता करती माँ
सबके दु:ख-सुख सुनती माँ;
व्यर्थ की बातें न करती माँ
अपनी धुन में रहती माँ,
अपनी बात की पक्की माँ
बड़ी अनमोल है मेरी माँ।।

–मातृचरणाश्रिता श्रीमती उर्मिला सुराना

योगीश्वर के रूप में श्रीश्रीसरोज बाबा

प्रसंग (१७) : किसी एक रविवार के प्रातःकाल में हम सभी बाबा के समीप बैठे थे, हठात् बाबा ने कहा,''देखो, मैं अभिनय करूँगा और तुमलोग भी मेरे संकेतानुरूप कार्य करना। कुछ देर बाद ही देखना, कोलकाता से तीन लड़के मेरे पास आऐंगे।'' सचमुच वैसा ही हुआ। लगभग पंद्रह मिनट के पश्चात् तीन लड़के बाहर के प्रवेश द्वार से होते हुए भीतर प्रवेश कर रहे थे। उनमें से एक लड़का जो थोड़ा साँवला था, उसने काला पैंट पहन रखा था एवं उसका चेहरा लंबा था। श्रीश्रीबाबा ने इन तीन लड़कों के संबंध में पहले ही बताया था। बाबा ने उन्हें देखकर कहा, ''तुमलोग कौन हो, कहाँ से आ रहे हो तथा तुमसबों को क्या चाहिए?'' लंबा लड़का थोड़ा सकपकाते हुआ बोला, ''यह क्या लाहिड़ी बाबा का आवास है? हमलोग उनके दर्शन हेतु आये हैं।'' श्रीश्रीबाबा ने कहा, ''नहीं तुमलोग गलत जगह में आये हो, यह लाहिड़ी बाबा का घर नहीं है।'' तब उन सबों ने बताया कि रास्ते में मोड़ पर खड़े लड़कों ने इसी गृह को दिखाया है। बाबा ने तब कहा, ''नहीं, उनलोगों ने तुम सबों को सही दिशानिर्देश नहीं किया। इसके अलावा और सुनो, मैं यहाँ पर इन लड़कों के साथ व्यापार करता हूँ। हमलोगों का चरस, गाँजा का व्यापार है। भारत में विभिन्न स्थानों पर ये लड़के इसकी आपूर्त्ति करते हैं, तुमलोग चले जाओ।'' यह सब सुनकर वे लोग धीरे-धीरे वहाँ से प्रस्थान कर गये।

तत्पश्चात् हम सब हँस पड़े। श्रीश्रीबाबा से इस अज्ञात अभिनय का कारण पूछने पर उन्होंने कहा, ''वे तीनों लड़के बिल्कुल ही अच्छे लोग नहीं थे। तुम सब जिसे 'असामाजिक तत्त्व' कहते हो, ये उसी दल के थे। इन सबों को जानकारी मिली थी कि मैं एक कुशल ज्योतिषी हूँ। वे लोग अपने धंधे के विषय में बहुत कुछ जानने के लिए यहाँ आये थे। वे समझते थे कि मैं गणना द्वारा उनकी समस्या का समाधान कर सकता हूँ।'' यह कहकर श्रीश्रीबाबा पुनः भावस्थ होकर बैठे रहे।

सिद्ध महात्मागण ऐसे ही होते हैं। उनके पास कौन किस उद्देश्य से आया है, यह वे पूर्व से ही ज्ञात कर लेते हैं।

प्रसंग (१८) : हमारे गुरुभ्राता बापी दा विभिन्न प्रकार के व्यवसाय करते थे। इसलिए उन्हें मोटर साइकिल से दूर-दूर तक जाना पड़ता था। एक दिन मोटर-साइकिल से जाते समय वह दासनगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गये। तथा उसके एक पैर की अस्थि भंग हो गयी। इसीलिए उस पाँव का पलस्तर करवाकर उसे कई सप्ताह तक विश्राम करना पड़ा। परन्तु पैर की अस्थि को चिकित्सक सटीक ढंग स्वस्थान नहीं कर पाये, परिणामतः बापी दा के पैर में काफी असुविधा हो रही थी।

इसी बीच एक दिन बापी दा का हाल-चाल जानने हेतु उनके पास जाने पर उन्होंने कहा, ''जानते हो प्रदीप, दादा (श्रीश्रीबाबा को बापी दा 'दादा' कहकर बुलाते थे) कल रात्रि में आकर (श्रीश्रीबाबा उस समय अपने इस स्थूल तन का त्याग कर चुके थे) मेरे पैर के पास बैठकर, अपने हाथ से पकड़कर मेरे पैर को घुमा-फिरा कर इसकी अस्थि को स्वस्थान स्थापित कर गये! उस समय से पैर की यंत्रणा की समस्या समाप्त हो गयी।

प्रसंग (१९) : श्रीश्रीबाबा कभी-कभी भावस्थ होकर ऐसी बातें कहते जो सचमुच मनुष्य के मन को भावपूर्ण कर देती। एक दिन अमिताभ दा (अमिताभ चक्रवर्त्ती), घोषाल दा, इत्यादि सब बैठे हुए थे, बाबा उन सबों से कह रहे थे, ''जानते हो दादा, यह मनुष्य शरीर एक पतली भंगुर काँच की दीवाल है, एक ठोकर लगते ही टूट कर चूर-चूर हो जाएगी''- बोलते-बोलते बाबा मानों किसी गभीर भावराज्य में डूब गये। *...क्रमशः*

–श्रीप्रदीप चट्टोपाध्याय, शिबपुर, हावड़ा
हिन्दी अनुवाद – मातृचरणाश्रित श्रीचंद्र पारेख

आगामी अनुष्ठान सुची

जन्माष्टमी – ५ सितम्बर, शनिवार
अध्यात्मिक सभा – २७ सितम्बर, रविवार
महालया – १२ अक्टूबर, सोमवार
दुर्गा नवरात्रि – १३ अक्टूबर से २२ अक्टूबर २०१५
१८ अक्टूबर (पंचमी):– संध्यानुष्ठान
२० अक्टूबर (सप्तमी):– संध्यानुष्ठान
२१ अक्टूबर (अष्टमी):– श्रीश्री श्यामाचरण लाहिड़ी बाबा के तिरोभाव दिवस उपलक्ष्य पर दोपहर में भण्डारा।
२२ अक्टूबर (नवमी):– मध्याह्न में श्रीश्रीदुर्गादेवी का महाप्रसाद भण्डारा
कोजागरी पूर्णिमा (लक्ष्मीपूजा):– २६ अक्टूबर २०१५, सोमवार

काशीधाम में पंचकोशी

(४)

परिक्रमा के पश्चात् अगले गंतव्य तीर्थस्थल की दूरी बहुत ज्यादा थी। लेकिन वहाँ पहुँचने के पश्चात् देखा कि

सभी देवी-देवताओं के मन्दिर परस्पर पास-पास में पथ के किनारे अवस्थित हैं। इसीलिए, इन छोटे-छोटे सुन्दर मन्दिरों में दर्शन करने हेतु अतिरिक्त समय व्यय नहीं हुआ यथा – अष्टभुजा माता का मन्दिर, शान्त, सौम्य उत्तरमुखी भक्तप्रवर 'हनुमानजी' का मन्दिर, उनके पास में ही स्थापित वैकुण्ठपति भगवान 'श्रीकृष्ण और राधारानी' का युगल मूर्ति सह मन्दिर। एक मील की दूरी पर ही परवर्ती तीर्थस्थल था, उग्र एवं रुद्र रूपधारी संकटमोचनकारी दक्षिणमुखी 'हनुमानजी' का प्राचीन जाग्रत मन्दिर। यह सर्व विदित हैं कि इस जाग्रत मन्दिर में प्रत्येक मंगलवार इस क्षेत्र के समस्त भक्तों का आगमन होता है एवं माँगलिक कार्य को केन्द्र कर पूजा करने के लिए आए भक्तों का समावेश एक छोटे मेले का रूप ले लेता है। इधर अस्ताचलगामी सूर्यदेव विदाई ले रहे थे उधर हम लोगों की गति बढ़ती जा रही थी। हमारी पंचक्रोशी परिक्रमा उस समय तक १० कि.मी. तक पूरी हो गई थी। अब हम लोगों का अगला लक्ष्य था 'पंचपांडव' का मन्दिर जिसे स्थानीय वासीगण चलती भाषा में 'पाँचो पाण्डव' मन्दिर कहकर भी बुलाते है। द्वापर युग में निर्मित अति प्राचीनकाल के वे मन्दिर दर्शन मात्र से ही अपनी पुरातनता का भाव दर्शाते है। उनके भग्नावशेष अभी भी अपनी सत्यता का प्रमाण देते है। मन्दिर में प्रवेश करते ही बाँयी ओर 'राजा परीक्षित' का मन्दिर, उसके संलग्न कौरव एवं पांडवों के धर्मयुद्ध में मूल योद्धा अर्जुन के रथ के सारथी विष्णुरूपी भगवान 'श्रीकृष्ण' का मन्दिर तथा पास में ही पाण्डु पत्नि 'कुंती' का मन्दिर था। हम लोगों के मन्दिर में प्रवेश करने के पश्चात् पुजारी महाशय से विनती करने पर उन्होंने गर्भगृह में पंचपांडव द्वारा प्रतिष्ठित पाँच शिवलिंगों के दर्शन करवाए। दर्शन करते समय हमने यह लक्ष्य किया कि अति प्राचीन काल में निर्मित प्रत्येक शिवलिंग क्षयता प्राप्त कर रहे थे। हम लोग प्रत्येक मन्दिर के दर्शन कर गाड़ी में आ गये। पंच पांडवों की उपस्थिति उस शैवतीर्थ और मोक्षभूमि काशीधाम के महत्व को और भी ज्यादा वर्द्धित कर देती है।

इसके पश्चात् ही हम लोग अपनी तीर्थ यात्रा के अगले पड़ाव की ओर अग्रसर हुए जो था 'महालक्ष्मी' का मन्दिर। अभीतक हम इन मन्दिरों में पुरातन शैली का प्रभाव देखते हुए आरहे थे लेकिन 'महालक्ष्मी' के इस मन्दिर से आधुनिक या नवीन शैली की छाप परिलक्षित हो रही थी, क्योंकि यह मन्दिर हमारे देश के जाने-माने उद्योगपति बिड़ला परिवार द्वारा निर्मित था एवं मन्दिर की रचना तथा उसमें उपयोग की गई कार्य शैली आधुनिक समय के तालमेल से की गई थी। देवालय तो सभी को आकृष्ट कर ही रहा था लेकिन उसमें प्रतिष्ठित 'महालक्ष्मी माता' की मूर्ति अपने अनुपम भव्यता के कारण बरबस ही भक्तों का ध्यान अपनी ओर खींच रही थी। उस देवी मूर्ति के दर्शन कर भक्तों के नयन मानों तृप्तता का अनुभव कर रहे थे। जाने का मन तो नहीं कर रहा था लेकिन समय सीमा में आबद्ध होने के कारण हम लोग अपने अगले और अन्तिम लक्ष्य की ओर बढ़ चले, वह था – 'सोमेश्वर महादेव' का मन्दिर सोना तालाब अंचल की ओर। छोटे प्राचीन मन्दिर के भीतर प्रतिष्ठित अद्‌भूत शिवलिंग, दीर्घकाल से वे वहाँ सोमेश्वर महादेव के नाम से ही परिचित है। उस मन्दिर के नजदीक ही है एक विशाल पोखर जो 'सोना तालाब' नाम से विख्यात है। तालाब के घाट की भग्नावस्था देखकर ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि, यह प्राचीन काल के राजा महाराजाओं द्वारा निर्मित था।

दिवा-रात्रि के संधिक्षण में ईश्वरोपासना के उद्देश्य से संध्यावंदना हेतु घर-घर में शंख बज उठे। अस्ताचलगामी सूर्य की आलोकछटा भी म्लान हो रही थी। अतएव हम लोगों ने देरी न करते हुए यात्रा प्रारंभ की वाराणसी के एक महातीर्थ मणिकर्णिका घाट के उद्देश्य से। वहाँ पहुँचकर माँ

गंगा को स्पर्श कर पीठदेवी तथा भैरव दर्शन कर पंचक्रोशी परिक्रमा के अन्तिम देवी–देवता 'श्रीविश्वनाथजी' और 'माँ अन्नपूर्णा' के श्रीचरणों में शीश नवाने हेतु प्रस्थान किया। कुछ क्षणों के मध्य ही गाड़ी चालक ने हमें अपने गंतव्यस्थल पर पहुँचा दिया। हम सभी गाड़ी से उतरकर गंगा घाट की ओर बढ़ चले। एक ओर महाश्मशान की ज्वलंत चिता की अग्नि शिखा आँखों में चुभ रही थी तो दूसरी ओर से मन्दिर के आरती के घण्टे के स्वर की प्रतिध्वनि कानों में गूँज रही थी आहिस्ता–आहिस्ता हम लोग सीढ़ियों द्वारा उतर आये स्नान करने वाले घाट पर। गंगा के उद्भव गोमुख से निर्गत हुई जलधारा राजा भगीरथ के आह्वान करने पर ही त्रिमार्ग वाहिनी सुरधुनी गंगा ने 'भगीरथी' नाम धारण कर स्वर्गराज्य हिमालय से आविर्भूत हो पृथ्वी पर अवतरण किया। उसकी ही पवित्र जलधारा ने प्रयाग के त्रिवेणी महासंगम से पुण्यसलिला रूप में प्रवाहित होते हुए काशीधाम को स्पर्श कर उसे पुण्यक्षेत्र में परिणत कर दिया। 'सुखदा मोक्षदा गंगा गंगैव परमा गति:'। हम सभी ने गंगा जल हाथ में लेकर आचमन किया एवं शरीर तथा मस्तक में लगाते हुए घाट से उठे वहाँ के मन्दिर दर्शन करने के लिए बाबा विश्वनाथ जी के मन्दिर की ओर अग्रसर हुए। वाराणसी की पतली–सँकरी एक–दूसरे के मध्य से निकलती हुई गलियों को पहचानना बड़ा ही मुश्किल था और फिर गलियों के मुँह पर पहरेदार के रूप में खड़े 'शिवजी के वाहन बैल' की उपस्थिति से थोड़ी मुश्किल हो रही थी। कुछ कुछ भयावह बैलों को देखकर पथिकों के पथ भूल जाने की ही संभावना अधिक थी। हमारे पहरेदार पुलिस सादी पोशाक परिहित अंगदजी सामने से पथ दिखाते हुए हमें मन्दिर ले गये। वहाँ समीप में ही एक दूकान से हम सभी मिट्टी के भाँड़ में पंचामृत, बेलपत्ता और आकन्द फूल लेकर पूजा करने वालों की लाईन में खड़े हो गये। उस समय मन्दिर के मध्य श्रीविश्वनाथजी का श्रृंगार हो रहा था तथा उन्हें फूल माला पहनाई जा रही थी तत्पश्चात् ही भक्तों के आनन्द और भक्तिमय परिवेश के बीच संध्या–आरती शुरु हो गयी। आरती के बाद ही दर्शन और पूजा करने का क्रम शुरु होता है, यह सिलसिला रात के ग्यारह बजे तक चलता रहता है। इसके पश्चात् मन्दिर के पटबंद हो जाते है तथा प्रात: मंगल आरती से पहले खुल जाते है।

निरंतर एक स्थान पर खड़े रहने का अभ्यास सभी मनुष्यों को नहीं होता। खाली चित्त चंचल हो जाता है। जो मनुष्य की अस्थिरता को और अधिक बढ़ा देता है हमारे संग के तीर्थ यात्री और गुरुभाई प्रशान्तदा, अस्थिर होकर लाईन से बाहर चले गये, हाथ में रखे पंचामृत पात्र तथा गले में झूल रहे मोबाईल फोन के साथ इधर–उधर घूमने लगे। मेरी और पुष्कर के साधुबाबा दोनों की दृष्टि उन पर पड़ी। समीप में ही खड़े टाट बाबा ने मुझसे कहा, ''उसे कहो बन्दर लोग बैठ कर ऊपर से सब कुछ देख रहे है वे सब कुछ छिन कर ले जायेंगे, इसकी मस्ती मन्दिर में नहीं चलेगी।'' कुछ देर पहले मैं भी यही सोच रहा था कि बंदरो के आगे प्रशान्तदा की एक न चलेगी। श्रृंगार के पश्चात् मन्दिर में आरती शुरु हो गई थी। जयध्वनि और घण्टे की ध्वनि के माध्यम से आरती पर्व बड़े ही सुचारु रूप से संपन्न हुआ। इसी समय मैंने प्रशान्तदा के मस्तक के ऊपर वृक्ष पर बैठे लाल मुँह वाले बंदर की ओर दिखा कर उन्हें सावधान किया। यह दृश्य देखते ही तो भयाक्रांत प्रशान्तदा तत्क्षण लाईन में आकर खड़े हो गये। आरती के बाद पूजा शुरु हुई, हम लोगों ने एक–एक करके पूजा की और मन्दिर परिदर्शन कर 'माँ अन्नपूर्णा' के मन्दिर में पँहुचे। वहाँ मातृदर्शन एवं आरती कर प्रसाद लेकर हम लोग गाड़ी में आ बैठे इस प्रकार हम लोग अपनी सुखद एवं आनंदमयी परिक्रमा समाप्त कर अपने गंतव्यस्थल काशीधाम आश्रम में आ पहुँचे।

असीम गुरुकृपा से टाटबाबा की पंचक्रोशी परिक्रमा की इच्छा सुव्यवस्थित ढ़ग से संम्पन्न हो सकी। इस महातीर्थ काशीधाम के तीर्थराज और प्राणपुरूष 'बाबा विश्वनाथजी' के श्री चरण कमल में सश्रद्धा अपना प्रणाम निवेदन करता हूँ –

ॐ नम: शिवाय शान्ताय कारणत्रयहेतवे
निवेदयामि चात्मानं त्वं गति परमेश्वर।।

काशीधाम की अधिष्ठात्री देवी 'माँ अन्नपूर्णा' के श्रीचरणकमलों में प्रणाम करता हूँ।

अन्नपूर्णे सदापूर्णे शंकर प्राणवल्लभे,
ज्ञान वैराग्य सिद्धयर्थं
भिक्षां देहि में पार्वति।।

–स्वामी संवेदानन्दजी

हिन्दी अनुवाद–मातृचरणाश्रित श्रीमती ज्योति पारेख

–समाप्त–

नित्यसिद्ध महात्मा के दिव्य दर्शन में – श्रीरामकृष्णलीला

श्रीविष्णुपद सिद्धान्त ठाकुर

गतांक से आगे–

(२३)

''अरे मूर्ख, ऐसा भी कभी होता है? माता क्या कभी अपने बच्चे के लिए सोचे बिना रह सकती है? तुम यदि बहरा की तरह ही रहोगे तब कैसे माँ की बात सुन पाओगे? माँ तुम्हारे संग बातें करती हैं या नहीं, क्या यह तुम सुन या समझ पाते हो? उनकी ओर मन एकाग्र करोगे तभी तो सुन पाओगे! ज्यादातर पढ़ाकू बच्चे जैसे जोर से चिल्लाकर पढ़ते हैं पर उनका मन लट्टू घुमाने में पड़ा रहता है, इसीलिए उन्हें अपने गले की आवाज सुनाई नहीं देती, ठीक वैसी ही अवस्था तुम्हारी भी है।'' इतना कहकर रामकृष्णदेव नरेन की ओर दृष्टि डालकर प्रश्न करते हैं –''क्यों नरेन मेरा कहना सत्य है या नहीं? बोलो तो!''

नरेन ने विनम्र स्वर में उत्तर दिया –''शायद आपकी बात सत्य है और शायद राखाल की बात भी सत्य ही है। राखाल माँ की बात नहीं सुन पाता अथच किस प्रकार से वह यह बता सकता है कि – 'मैं भी आपकी तरह माँ के साथ वार्तालाप करता हूँ और उत्तर देता हूँ?' आप प्रत्यक्ष देखते हैं, उत्तर–प्रत्युत्तर पाते हैं, इसीलिए आप कह सकते हैं,किन्तु हम कैसे कह सकते हैं?''

रामकृष्णदेव बोले, ''किन्तु लापरवाह लड़के को या उदासीन मनुष्य को देखकर पहचान तो सकते हो? अगर ऐसा है तो मेरी यह बात भला सत्य कैसे न होगी? मनोयोग या मन के संग माँ की बातों का यदि योग रहेगा तभी तो ध्यान–धारणा होगा। माँ के मन को अपने मन से युक्त करने को ही ध्यान–योग कहते हैं ना?''

राखाल ने विनम्र स्वर में उत्तर दिया –''आपके श्रीमुख से जो भी वाणी निकलती है वह तो माँ भवतारिणी के मुँह की ही बात है, यह ज्ञान तो हमें हैं परन्तु बीच–बीच में विस्मृति हो जाती है। इसीलिए कहता हूँ, केवल विश्वास करने के अलावा हमारे पास और दूसरा कोई उपाय नहीं है। यह विश्वास अटूट रहे यही भिक्षा आपसे माँगते हैं।''

रामकृष्णदेव बोले, ''तुम जो प्रतिदिन मेरे लिए भिक्षा करके दाल–चावल लाते हो, क्या कभी ऐसा हुआ है कि तुम्हें भिक्षा न मिली हो? भिक्षा याचना करने पर क्या कभी कोई मनुष्य भूखा रहता है? हाँ, ऐसा हो सकता है कि भिक्षा के चावल कभी साफ और कभी मैलयुक्त हो; माँ से माँगने पर पाओगे ही अथच जो रुपये–पैसे या रोग–व्याधि उपशम के लिए याचना करता है उसे उत्तम श्रेणी का (छाँटा हुआ चावल) नहीं कहते, उन्हें कामना–वासना कहते हैं एवं जो भक्ति–प्रेम चाहते हैं उसी को ही साफ चावल अथवा बेड़ा पार कराने का पारिश्रमिक कहा जाता है।''

नरेन ने उत्तर दिया – ''उस पार जाने के लिए पारिश्रमिक के लिए कोई भी मनुष्य व्यस्त नहीं होता अलबत्ता ऐसी बातों की अवहेलना ही करता है। कोई कहता है, भगवान का नाम लेकर यदि शीघ्र ही उस पार जाया जा सकता है, तो अभी वह सब ताक पर रखा रहने दो, बुढ़ापे में भगवान का नाम चिन्तन करने से ही चलेगा। अभी इसकी जरूरत नहीं है।'' इस बात पर रामकृष्णदेव ने मसखरी करते हुए ऐसा उदाहरण पेश किया जिससे समवेत सकल भक्त मंत्रमुग्ध हो गये। उनकी हँसी में ही मानों विवेकानन्द को सुनाई दिया 'पार' अर्थ से 'पारि' (बंगला शब्द) यानि कर सकता हूँ, और 'कड़ि' यानि 'करि' – करता हूँ। नाम और धाम में योग रहने से हमसभी कार्य सुशृंखलाबद्ध रूप से कर सकेंगे। इसे ही कहते हैं – 'पंगुं लंघयते गिरिम्'।

एक नया भक्त उसदिन श्रीरामकृष्णदेव को देखने वहाँ आया। भाटपाड़ा का वह एक श्रेष्ठ पंडित था। पहली बार में ही रामकृष्णदेव के दर्शन पाकर वह मुग्ध हो गया। कुछक्षण निस्तब्ध होकर थोड़ी देर यह सब सुनने के बाद उसका यह मुग्धता का भाव दूरीभूत हुआ। अभी फिर इस मुग्ध हँसी के फुहारे से उनका मन प्राण और भी स्निग्ध हो उठा और इसके साथ ही रामकृष्णदेव से कोई प्रश्न पूछने का उसका साहस संचारित हुआ किन्तु प्रश्न करना नहीं पड़ा – रामकृष्णदेव ने स्वयं ही उससे कहा –''प्रातःकाल हठात् सूर्य का प्रकाश आँखों और चेहरे पर पड़ने से आँखों को मसलते हुए उठना पड़ता है और उसके बाद ही मनुष्य अपने कार्य का सन्धान खोजने निकलता है – देख रहा हूँ आप भी वही

हैं, एक कूट चाल लेकर यहाँ आये थे जैसे श्याम की वंशी से जटिला-कुटिला मुग्ध हो गये। वैसे ही आप क्या कूट-चाल लेकर यहाँ आये थे, अब क्या वह आपको याद है?''

आगन्तुक पंडित ने और भी मुग्ध होकर उत्तर दिया - ''नहीं, सभी प्रश्नों के उत्तर मिल गये हैं, आपकी सरल स्निग्ध हँसी के फुहारे से, हालाँकि अभी भी उसकी क्षीण स्मृति अवशेष है।''

रामकृष्णदेव बोले, ''वेद-वेदान्त के पार माँ का वास है - सिर्फ स्मृति पढ़कर माँ की स्मृति नहीं मिलती है। लगता है आप स्मृति व्याख्या के श्रेष्ठ पंडित हैं।''

आगन्तुक व्यक्ति कहने लगा, ''हाँ, लोग यही तो कहते हैं।''

रामकृष्णदेव बोले, ''ये सब बातें छोड़िये, इस जगत् के लोग, मनुष्यों को केवल अहंकार से भर देते हैं - असली खुराक नहीं दे पाते। जो भी हो आपका कोई प्रश्न हो तो जिज्ञासा करिये, नरेन यदि उत्तर न दे पाये तो मैं ही बता दूँगा। पंडितों को ये पंडित लोग ही भक्त बनाने में सक्षम हैं।'' ऐसा कहकर रामकृष्णदेव उठकर खड़े हो गये - ''तुमलोग अपनी बातों से वाक्-वितण्डा करो तब तक मैं माँ क्यों बुला रही हैं, यह सुनकर आ रहा हूँ।''

रामकृष्णदेव के वहाँ से जाते ही स्मृतिधर पंडित ने स्वामी जी से प्रश्न किया -''इनकी गर्भधारिणी जननी भी क्या यहाँ रहती हैं? मैंने तो सुना है कि उनकी अर्द्धांगिनी ही यहाँ वास करती है।''

स्वामीजी ने रामकृष्णदेव के आसन की ओर दृष्टिपात करते हुए कहा - ''वे यहाँ से कहीं नहीं गये हैं, यहीं बैठे हैं!''

यह सुनकर राखाल भी थोड़ा चौंक गये और कहने लगे -''क्या कह रहे हो नरेन! वे तो माँ का आह्वान पाकर मन्दिर की ओर गये हैं - तुम फिर उन्हें यहाँ कैसे देख पा रहे हो?''

विवेकानन्द ने उत्तर दिया, ''देख रहा हूँ कि तुम ने भी स्मृति पाकर (असल) विस्मृति कर ली है - आसन छोड़कर वे भला कहीं गये है? देखो, वे यहीं तो बैठे हैं!''

स्मृतिधर पंडित ने इस बात का जवाब देते हुए कहा, ''ठीक है, आप जब कह रहे हैं कि वे यहीं बैठे हुए हैं और हमलोग उन्हें देख नहीं पा रहे हैं तो आप ही कोई ऐसा चशमा पहना दे कि हम उन्हें देख पाये और हमारे कर्ण भी वशीभूत कर दे ताकि यही बैठे-बैठे उनके गले की आवाज सुन पाये। सिर्फ अभिनय करने से ही नहीं चलेगा, महाशय! भक्तिभाव का मुखौटा पहनकर बातें बनाने से नहीं होगा - मनुष्य सचक्षु देखे बिना, या परीक्षा किये बिना किसी भी चीज को नहीं मानेगा और उसकी ओर नहीं बढ़ेगा।''

स्मृतिधर की बात सुनकर विवेकानन्द लज्जा से लाल हो गये, आँखों से दो-चार बूंद आँसू भी ढलक गये। क्षोभ से दु:ख से स्मृतिधर पंडित की पिटाई करने का ख्याल मन में आते ही रामकृष्णदेव का कंठस्वर सबके कानों में प्रतिध्वनित हो उठा ''ओ रे नरेन! तुम इधर आ जाओ! इनके दोनों कान वध करने के लिए श्रीकृष्ण का सुदर्शन चक्र चाहिए, माँ के खड्ग से गला कटता है, वंशी नहीं बजती।''

